महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रेन से कटी महिला

कोरबा। उरगा थानांतर्गत कोथारी रेलवे स्टेशन के पास रीवापार में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन कोथारी के पास रीवापार में यह घटना हुई। यहां पर टिकैतिन बाई कंवर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, वह आज सुबह दिशा मैदान के लिए रोज की तरह सुबह निकली हुई थी। स्थानीय लोगों की मानें तो वृद्धा काफी समय से मौके पर इधर से उधर मंडरा रही थी। इसी दौरान ट्रेक पर मालगाड़ी धड़धड़ाते हुए आ गई जिसकी आवाज महिला नहीं सुन पाई और हादसे का शिकार हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर लाश पीएम के लिए रवाना किया।

दीपका मार्ग पर ट्रको की जाम से मिलेगी राहत

कोरबा। एसईसीएल दीपका मार्ग पर ट्रको की जाम होने से कोयला कामगारों व अन्य लोगों को आने जाने में परेशानी होती थी। जिसको लेकर एसईसीएल प्रबंधन को शिकायत की गई थी। प्रबंधन ने इस मामलो को काफी गंभीरता से लेते हुए गेवरा व दीपका के अधिकारियों व जेसीसी सदस्यों की बैठक बुलाई । जिसमें कई ठोस निर्णय लिए गए। ज्ञातव्य है कि हरदी बाजार दीपका मार्ग पर हर समय ट्रको की आवाजाही लगी रहती है। कोयला लेने आये ट्रक सडक़ किनारे खड़ा कर दिए जाते थे। दिन भर ट्रकों के खड़े रहने कोयला काम कामगारों को आने जाने में काफी परेशानी होती थी। कई श्रमिक संगठनों ने इस मामले की शिकायत प्रबंधन से की थी। प्रबंधन ने मामलों को काफी गंभीरता से लेते हुए गेराव दीपका के अधिकारियों के साथ साथ विभिन्न प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई। बैठक में ट्रकों की पार्किंग व्यवस्था के लिए जगह बनाई जाएगी। इसके अलावा बेरियर भी उचित स्थान पर लगया जाएगा। कई जगहों पर अवैध रूप से मकान बनें हुए है। उन्हें भी हटाया जाएगा। बैठक में अधिकारियों के साथ दीपक उपाध्यक्ष, एलपी अगरिया, गोपाल यादव, द्वेवंत मिश्रा, अरूण सिंह, रेशम लाल यादव,मनोज सिंह, टीके सिन्हा, संजू शर्मा,अश्वनी मिश्रा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

नवापारा में ग्रामीण ने फांसी लगाकर की खुदकु शी

कोरबा। अपने घर के पास महुआ पेड़ पर एक ग्रामीण का शव लटका मिला है। शुरुआती तौर पर मामले को खुदकुशी से जोडक़र देखा गया है । पुलिस ने सूचना मिलने पर 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया है। पंचनामा के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कोरबा जिले के पाली पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाले नवापारा गांव में रहने वाले 40 वर्षीय मंगल सिंह चौहान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक घर के पास मौजूद महुआ पेड़ पर उसका शव लटका मिला। माना जा रहा है कि उसने फांसी लगाई है। आज सुबह उसे यहां पर मृत स्थिति में देखा गया इस बारे में अवस्थी राम चौहान के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। कुछ देर के बाद पुलिस की टीम यहां पर पहुंची और पंचनामा किया। शुरुआती जांच में किसी प्रकार के तथ्य नहीं मिले हैं। परिजनों के द्वारा भी घटनाक्रम को लेकर अनभिज्ञता जताई गई है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसलिए अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जाएगी। उस में आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की जांच की दिशा तय की जाएगी।

निजात अभियान के तहत सब्जी कारोबारियों को किया जागरूक

कोरबा। नशा से जुड़ी बुराइयों को लेकर पुलिस ने शहर से लेकर गांव तक लोगों को जागरूक करना तय किया है। निजात अभियान के अंतर्गत जागरूकता नथी पहुंच हर कहीं बनाई जा रही है । कोरबा के बुधवारी बाजार क्षेत्र में पुलिसकर्मियों ने उपस्थिति दर्ज करा कर सब्जी कारोबारियों और आम लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। 2 दिन पहले बिलासपुर पुलिस रेंज के महा निरीक्षक रतनलाल डांगी और कलेक्टर संजीव झा के द्वारा यहां रक्षित पुलिस लाइन में नशा मुक्ति केंद्र शुरू किया गया है।

शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को करें लाभान्वित- पद्मा मनहर

❒ अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित संचालित योजनाओं की विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

रायगढ़। उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) एवं सचिव छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग पदमा मनहर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने राज्य शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए विभागीय योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में मनहर ने अनुसूचित जाति वर्ग के लाभार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ अन्य प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर क्रियावन्यन करने को कहा। उन्होंने आदिम जाति विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए छात्रावासों में अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता से लाभ प्रदान करने की बात कही। छात्रावासों में विद्यार्थियों के लिए बेड, चादर जैसी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी द्वारा बताया गया की बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण, छात्रावासों में साफ -सफाई एवं निर्धारित मेनू अनुसार भोजन प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा प्रदाय की जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति का लाभ, अन्तजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ प्रदान करने की बात कही। साथ ही अत्याचार निवारण अधिनियम

के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों का शीघ्रता से जांच पूर्ण करा पीड़ितों को राहत राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मनहर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड स्वीकार करने वाले निजी अस्पतालों की सूची बनाए। जिससे मरीजों को इलाज के लिए कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कृषि विभाग से वर्तमान में खाद की उपलब्धता की जानकारी ली। बीज वितरण की जानकारी लेते हुए कोदो-कुटकी, रागी जैसे मोटे अनाजों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उद्यान विभाग को स्पष्ट निर्देश दिये कि अधिक से अधिक किसानों को सभी प्रकार के पौधे प्रदान किये जाए।

उन्होंने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, सुखद सहारा योजना, दिव्यांग विवाह जैसे योजनाओं से हितग्राहियों को प्राथमिकता से लाभ देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत सभी स्कूल, आश्रम छात्रावास आंगनबाड़ी में रेडी टू ईट गर्म भोजन जैसे पोषक आहार एनिमिक महिलाओं, गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं को प्राथमिकता से प्रदान करने के निर्देश दिए। जिससे कुपोषण स्तर में कमी आए। शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्य पुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन का लाभ से प्रदान करने की बात कही। उन्होंने ईई पीएचई से पेयजल विस्तार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में कई स्थानों में नलों से लाल पानी पानी आने की समस्या से अवगत कराते हुए तत्काल उन नालों को बंद करवाने के निर्देश देते हुए पेयजल की सुचारू व्यवस्था करवाने को कहा। खाद विभाग द्वारा जारी किए गए राशन कार्ड की संख्या की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा हितग्राहियों को नियमित रूप से खाद्य वितरण किया जाए। जिला उद्योग एवं व्यापार, अंत्याव्यवसायी जैसे विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को बैंकों से ऋण वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह योजनाएं शासन की एक महत्वपूर्ण पहल जिसका उद्देश्य आजीविका संवर्धन की दिशा में कार्य करते हुए उनकी जीवन स्तर को उठाना है। अत: इन कार्यो को गंभीरता से किया जाए। शासन की योजनाओं के माध्यम से उन समुदायों को लक्षित करें और उन्हें लाभ पहुंचाया जाए।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैकरा, सहायक आयुक्त आदिम जाति अविनाश श्रीवास सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

पति और सास दहेज के नाम पर देते थे ताना, प्रताड़ना असहनीय होने पर नवविवाहिता की अग्नि स्नान, पति को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़। थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत ग्राम महापल्ली के बजरंगपारा में बीते मंगलवार को दुतिका राठिया पति दिलीप राठिया (उम्र 22 वर्ष) अपने घर अंदर स्वयं पर मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर आत्माहत्या किये जाने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक किरण गुप्ता, उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार व स्टाफ मौके पर पहुंचे। मृतिका नवविवाहिता होने पर शव पंचनामा कार्यवाही कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा कर मृतिका के वारिसानों का बयान लेखबद्ध किया गया। पश्चात शव का पोस्ट मार्टम कराकर थाना चक्रधरनगर में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

घटना के संबंध में मृतिका दुतिका राठिया के पिता, मां, बहन व अन्य गवाह बताये कि मृतिका की शादी का करीब चार महीने हुआ है। रथ यात्रा के समय मृतिका अपने मायके गई थी, जहां एक माह रहने के बाद वापस ससुराल आयी थी । मायके में दुतिका राठिया अपने घरवालों को बताई थी कि उसकी सास रत्ना राठिया उसे (मृतिका) को मोबाईल से मायके पक्ष के लोगों से बातचीत करने से मनाकर तंग करती थी और घर में अलग कर देगें कहा करती थी। मायके से आने के बाद उसे दो दिन तक खाना नहीं दिये, यह बात दुतिका अपने घरवालों को फोन पर बताई थी। उसका पति दिलीप राठिया भी उसे छोड़ दूंगा कहता और मायके वालों से बातचीत नहीं करता था। दुतिका राठिया बताई थी कि तबियत खराब होने पर भी उसका पति उसे दवाई तक लाकर नहीं देता था। मृतिका की सास रत्ना राठिया और पति दिलीप राठिया हमेशा दहेज में फ्रीज नहीं लाई है, अपने माता पिता को बोलो कहकर हर ताना मारते और तंग करते थे जिससे दिनांक 02.08.2022 को सुबह करीब 09:00 बजे को दुतिका अपने घर में अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली। थाना चक्रधरनगर में मृतिका की सास रत्ना राठिया एवं पति दिलीप राठिया के विरूद्ध दहेज मृत्यु का अपराध धारा 304(B) भादवि के तहत दिनांक 03.08.2022 को दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

गंभीर प्रवृत्ति का अपराध होने से अपराध डायरी अग्रिम विवेचना के लिए नगर पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा को मिला जिनके द्वारा आज चक्रधरनगर पुलिस के साथ आरोपी दिलीप राठिया के घर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपिया रत्ना राठिया फरार है। गिरफ्तार आरोपी दिलीप राठिया पिता स्व. नित्यानंद राठिया उम्र 23 वर्ष सा. महापल्ली थाना - चक्रधरनगर को गिरफ्तार कर आज दोपहर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। सीएसपी दीपक मिश्रा के साथ आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक किरण गुप्ता, उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार,प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, आरक्षक श्वेत बारीक थाना चक्रधरनगर की अहम भूमिका रही है।

बेरोजगारी भत्ता कब दोगे, युवा मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

कोरबा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के रोजगार और रोजगार भत्ता की मांग को लेकर भैसमा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। भाजयुमो ने मांग कीए की प्रदेश सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कहा था की बेरोजगारो को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देंगे जो आज तक नही दिया गया।

रामपुर विधायक ननकी राम कंवर ने मांग करते हुए व कांग्रेस सरकार पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने से पहले भूपेश बघेल ने सभी बेरोजगार युवकों को रोजगार दिया जाएगा व बेरोजगार युवकों को 2500 रुपये हर महीना भत्ता देने का वादा किया गया था। आज भैसमा में विधायक ननकी राम कंवर ने नेतृत्व में युवा भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा भैसमा तहसील का घेराव करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस धरना प्रदर्शन में भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष चिंटू राजपाल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिंह, जिला अध्यक्ष भाजयुमो पंकज सोनी, उरगा मंडल अध्यक्ष किशन साव, कुल सिंग कंवर, अशोक प्रजापति, हरीश साहू, शुभम हलवाई, राहुल श्रीवास व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे ग्रामीण की मौत, छह घायल

कोरबा। पाली विकास खंड में वर्षा के दौरान खेत में काम कर रहे पोड़ी गांव के किसान खेत के पास ही एक झोपड़ी के नीचे खड़े थे। अचानक आकाशीय बिजली गिरने से सात लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। एंबुलेंस आने में विलंब होने की वजह से एक किसान की हालत ज्यादा बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। आकाशीय बिजली के प्रभाव गए छह किसानों को उपचार के लिए पाली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

जिले के दर्री व पोड़ी उपरोड़ा समेत कई क्षेत्रों में अल्पवर्षा की वजह से सूखे की स्थिति बनी हुई है। पाली में भी खंड वर्षा की वजह से किसान चिंतित हैं। बुधवार को दोपहर करीब 1.30 बजे अचानक मौसम बिगड़ा और वर्षा शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि पाली ब्लाक के ग्राम पोड़ी के गाड़ाघाट खारुन नदिया के पास खेत में काम कर रहे एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग खेत से लगे एक झोपड़ी के नीचे जाकर शरण लिए। इसके अलावा आसपास के पेड़ के नीचे भी आठ.नौ किसान खड़े थे। इसी बीच तेज वर्षा के साथ आकाशीय बिजली चमक के साथ गिरी। झोपड़ी में खड़े सभी लोग गंभीर रुप से इसकी चपेट में आ गए। वहीं आसपास पेड़ के नीचे खड़े किसानों पर इसका असर पड़ा और झुलस गए। जिन्हें पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इनमें महेंद्र कुमार पटेल पिता कन्हैया लाल इलाज के दौरान मौत हो गई।

हाथी के जोड़े ने गांवों में उत्पात मचाते फसलों को किया नुकसान

कोरबा। पड़ोसी रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ परिक्षेत्र से बुधवार की रात अचानक पहुंचे नर व मादा हाथी के जोड़े ने करतला विकासखंड के तीन गांव चोरभट्टी, बड़मार व चांपा में भारी उत्पात मचाते हुए 10 किसानों की फसल रौंद दी। इतना ही नहीं एक किसान के खेत में लगे सिंटेक्स के पानी टंकी व उसके पाईप को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों के उत्पात से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

रायगढ़ जिला धरमजयगढ़ क्षेत्र से दो हाथी जिसमें एक नर व मादा शामिल हैं। बीती रात लगभग 12 बजे अचानक करतला क्षेत्र में आधमका और उत्पात मचाते हुए ग्राम चोरभट्टी

में पांच किसानों की धान, केला व गन्ना की फसल को तहस नहस कर दिया। यहां फसल नुकसान करने के बाद हाथी बड़मार पहुंच गया और वहां भी जमकर उत्पात मचाते हुए चार किसानों की फसल रौंद दी। इस दौरान हाथियों ने एक किसान के खेत में लगे पानी के सिंटेक्स टंकी व पाईप को भी क्षतिग्रस्त कर डाला। बड़मार में फसल रौंदने के बाद दोनों हाथी चांपा होते हुए घोटमार पहुंच गए। यहां पहुंचने से पहले हाथियों ने चांपा में भी एक किसान की फसल रौंद दी। वर्तमान में दोनों हाथी घोटमार के जंगल के कक्ष क्रमांक पी 1034 में मौजूद हैं। तीन गांव में हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला वहां पहुंचा और हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का सर्वे करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथी के जोड़े की लगातार निगरानी की जा रही है। घोटमार व आसपास के गांवों में मुनादी कराने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है।

कटघोरा वनमंडल के केंदई, एतमा नगर व जटगा की सीमा पर लगभग दो दर्जन हाथी विचरण कर रहे हैं। इस दल में शामिल एक दंतैल हाथी बीती रात अचानक जटगा पहुंचकर वहां के बहारी क्षेत्र में स्थित एक ग्रामीण के घर की परछी के छज्जे को तोड़ दिया। ग्रामीणों द्वारा शोर मचाये जाने पर हाथी जंगल की ओर रूख किया। जटगा में हाथी के पहुंचने व घर को नुकसान पहुंचाएं जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला गांव पहुंचा और हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन किया। रेंजर मनीष सिंह ने बाताया कि हाथियों को लेकर वन विभाग सतर्क है। वन अमले द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है।

पत्रकार बन कर लोगों को डरा-धमका कर रूपये वसूलने वाले दो युवको को पुलिस ने किया गिरफ्तार, वाहन चालक से मांगे थे 2 लाख रुपए

कोरबा। पत्रकार बन कर लोगों को डरा धमका कर रूपये वसूलने वाले दो आरोपित युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पिछले दिनों पुष्पेंद्र ट्रेडिंग कंपनी का कबाड़ ले जा रहे ट्रक चालक को रोक कर ये दोनों युवक कैमरे में वीडियो बनाने लगे। बाद में कबाड़ कारोबारी से मोबाइल में संपर्क कर दो लाख रूपये की मांग करने लगे। पुलिस ने भयादोहन का अपराध पंजीबद्ध किया है।

गत 26 जुलाई की शाम सात बजे ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस 2456 का चालक सुनील साहनी कटघोरा से अपने ट्रक में अनुपयोगी कबाड़ भरकर कोरबा से होते हुए रायगढ़ जाने के लिए निकला था। तभी दर्री थाना क्षेत्र के गोपालपुर के आगे दो युवक आल्टो कार क्रमांक सीजी 12 एपी 0769 में आकर ट्रक को रोक लिया। दोनों ने अपना नाम अभिषेक कौशिक व सन्नी गुप्ता खुद को पत्रकार बताया। उन्होंने ट्रक ड्राइवर से कहा कि ट्रक में अवैध सामान लोड है, दो लाख रुपए दो, नहीं तो पुलिस से पकड़वाने की धमकी देते हुए बैंक खाता नंबर देकर रकम ट्रांसफर करने के लिए दबाव बनाने लगे। जब ट्रक मालिक व ड्राइवर ने उन्हें रकम नहीं दिया, तो थाने में पकड़वा देने की धमकी देते हुए चले गए। ट्रक चालक सुनील साहनी की लिखित रिपोर्ट पर दर्री पुलिस ने अभिषेक कौशिक और सन्नी गुप्ता के विरुद्ध धारा 341, 384, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

थाना प्रभारी दर्री निरीक्षक विवेक शर्मा व सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्णा साहू आरोपितों को पकडऩे के लिए मुखबिर को सतर्क किए। इसके साथ ही मोबाइल लोकेशन के आधार पर पतासाजी शुरू की। अपराध दर्ज होने की जानकारी मिलते ही कथित पत्रकार अभिषेक कौशिक व सन्नी गुप्ता फरार हो गए थे। जिन्हें सायबर सेल की सहायता से बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। दो लाख रुपये की मांग करने के दौरान आरोपितों की बातचीत को ट्रक मालिक व चालक ने रिकार्ड कर लिया था, जिसे पुलिस को सौंप दिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

शिशु मंदिर और गांधी कॉलेज में खरसिया पुलिस की जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित

❒ एसडीओपी और चौकी प्रभारी खरसिया ने छात्र-छात्राओं को दी साइबर क्राइम की जानकारी

रायगढ़। एसपी रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को माह के प्रथम बुधवार को "साइबर जागरूकता दिवस" के रूप में मनाने निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में 03 अगस्त प्रथम बुधवार को चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम अपने स्टाफ के साथ सरस्वती शिशु मंदिर जाकर बच्चों को साइबर अपराधों की जानकारी दिया गया। इस दौरान उन्होंने विशेष तौर पर ऑनलाइन गेम्स के दुष्प्रभाव बच्चों को बताया गया। साथ ही बाल अपराधों के संबंध में आवश्यक जानकारी देकर पुलिस सहायता लेने संबंधी हेल्प लाइन नम्बर डॉयल 112 की जानकारी दिया गया, इस दौरान विद्यार्थियों के साथ बीएमओ अभिषेक पटेल तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

इसी क्रम में दिनांक 04.08.2022 को एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय के साथ चौकी प्रभारी खरसिया उनके स्टाफ के साथ महात्मा गांधी कॉजेल में जाकर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया है।

एसडीओपी खरसिया ने कहा कि आजकल सब ऑनलाइन हो रहा है जिससे कई जटिल काम कम समय में आसानी से हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं जिसे रोकने पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है क्योंकि साइबर क्राइम को रोकने का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता ही है। थानों में शिकायतें प्राप्त होती है लोग लापरवाही पूर्वक किसी भी अनजान व्यक्ति को बिना जाने, देखें उसे दोस्ती कर लेते हैं। वे छात्र छात्राओं को बताई कि सोशल मीडिया फ्रेंड को अपने निजी फोटो, वीडियो शेयर करने से बचें। उनके द्वारा मोबाइल, इंटरनेट, सोशल प्लेटफार्म के जरिये ठगी के तरीकों और उनसे बचाव को बताया गया। चौकी प्रभारी नंद किशोर गौतम द्वारा छात्र-छात्राओं को सोशल प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टा, व्हाटसअप पर अंजान लोगों से मित्रता सही नहीं होना बताये। चौकी प्रभारी छात्र छात्राओं को फेसबुक हैकिग, बारकोड़ के माध्यम से होने वाले फ्राड, वाट्सएप हैकिग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दिये। साइबर अपराध से बचाव के क्रम में बच्चों को ठगों के तरीके सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमेट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, इंटरनेट मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी काल, अनजान वाट्सएप वीडियो काल, आनलाइन लोन देने वाले एप, इंटरनेट मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआइ संबंधित फ्राड के प्रति भी छात्रों को जागरूक किया गया। चौकी प्रभारी ने कहा कि साइबर क्राईम से बचने खुद जागरूक हो और अपने परिवारजनों, दोस्तों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य टंडन जी, प्रोफेसर जोगी मैडम, कॉलेज के अन्य प्रोफेसर एवं स्टूडेंट तथा काफी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।